दैनिक जागरण 02/10/2025

# आखिरी पन्ना ने उजागर किए समाज के विभिन्न पहलू



हिंदी नाटक के मंचन के दौरान कलाकार व कालेज का स्टाफ। विज्ञप्ति

**अंबाला** : बुधवार को गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में हिंदी नाटक आखिरी पन्ना का मंचन किया गया। यह आयोजन आर्ट एंड कल्चरल अफेयर्स डिपार्टमेंट, हरियाणा चंडीगढ़ और वीएमएस फाउंडेशंस, अंबाला कैंट एवं यूथ एंड कल्चरल अफेयर्स डिपार्टमेंट, जीएमएन कालेज के संयुक्त तत्वावधान द्वारा किया गया था। नाटक ने कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का एक अद्वितीय मिश्रण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डा. गुरदेव सिंह कहा कि आखिरी पन्ना नाटक ने समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया है और युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक किया है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह आयोजन कालेज के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव था। नाटक की लेखिका और निर्देशक कमलेश शर्मा ने कहा कि आखिरी पन्ना नाटक का उद्देश्य समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करना है। इस अवसर पर भारत सपोरी, अरविंद सूरी, प्रमोद बब्बी मौजूदर रहे।